# ऊर्जा मंत्री ने सांगोद में की जनसुनवाई, मौके पर ही किया परिवादों का निस्तारण

**कोटा, (निसं)।** ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर शनिवार को सांगोद क्षेत्र के दौरे पर रहे। उन्होंने नगर पालिका सांगोद में जनसुनवाई की। इस दौरान जिला प्रमुख मुकेश मेघवाल, प्रधान जयवीर सिंह, उपप्रधान ओम नागर अडूसा समेत क्षेत्र के प्रशासनिक अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। जनसुनवाई में 203 लोगों ने पंजीयन कराया। ऊर्जा मंत्री ने जनसमस्याओं को लेकर अधिकारियों को तुरंत निराकरण के निर्देश दिए।

वहीं काम में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को सख्त निर्देश देते हुए लताड़ भी लगाई। ऊर्जा मंत्री ने ग्रामीणों के साथ दुर्व्यवहार करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही की चेतावनी दी। इस दौरान आंगनबाड़ी में पोषाहार की केवाईसी और ओटीपी को लेकर आ रही समस्याओं के बारे में अवगत कराने पर मंत्री नागर ने निदेशक ओपी बुनकर से बात की। उन्होंने समस्या के निस्तारण की बात कही। मंत्री नागर ने आंगनबाड़ियों को सरकारी स्कूल में ही संचालित करने के भी निर्देश दिए।

ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को जनता के साथ सदव्यवहार करने की सीख दी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अपनी समस्या लेकर के अधिकारियों और कर्मचारियों के पास आते हैं तो उनके साथ में बुरा बर्ताव किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मंत्री नागर ने ग्रामीणों से बुरा व्यवहार करने और काम में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान पानी, बिजली, सड़क, नाला, स्कूल, मकान का पट्टा समेत विभिन्न समस्याएं आईं। जनसुनवाई में एसडीएम सपना कुमारी, तहसीलदार रवि शर्मा, राजेंद्र शर्मा, जगदीश शर्मा, चंद्रप्रकाश सोनी, कृष्ण मुरारी मेहता, बुद्धिप्रकाश राठौर, दिलीप गर्ग, कृष्ण कुमार गर्ग, महेंद्र प्रजापति, जितेंद्र प्रदीप सोनी, महिला मोर्चा अध्यक्ष ममता गौतम, समाजसेवी अनिल मंगल, विकास नंदवाना, कृपाल सिंह समेत जनप्रतिनिधि और विभिन्न विभागों के अधिकारी और कार्मिक मौजूद रहे।

**102 यूनिट रक्त का संग्रह:** रोटरी क्लब कोटा नॉर्थ एवं श्रीजी क्लासेज के संयुक्त तत्वावधान में विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। रोटरी क्लब कोटा नॉर्थ अध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल ने बताया कि शनिवार को केशवपुरा चौराहे पर स्थित श्रीजी क्लासेज परिसर में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया जिसमें 102 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। रक्तदान शिविर आयोजन में सहयोग के लिए अध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल ने श्रीजी क्लासेज के संचालक राकेश मीणा एवं प्रोजेक्ट डायरेक्टर रोटेरियन विनोद नायक का धन्यवाद किया अध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल ने बताया कि क्लब लगातार शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सामाजिक सरोकार के कार्यों में हमेशा अग्रणी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि रक्तदान के माध्यम से लोगों के जीवन को बचाने का कार्य परमार्थ का कार्य है। अग्रवाल ने कहा कि आगामी समय में गर्मी का मौसम आने वाला है और रक्त की कमी रहती है, ऐसे में रोटरी क्लब कोटा नॉर्थ लगातार जागरुकता अभियान चलाएगा साथ ही लोगों को मोटिवेट कर रक्तदान करवाने का प्रयास करेगा, ताकी किसी के जीवन को बचाया जा सके। श्रीजी क्लासेज के संचालक राकेश मीणा ने बताया कि संस्था इस प्रकार के सामाजिक सरोकार के कार्यों में हमेशा अग्रणी भूमिका में रहता है। एवं रक्तदान दाताओं को धन्यवाद दिया। अंत में सचिव गौरव सूद ने शिविर के सफल आयोजन के लिए श्रीजी क्लासेज के संचालकों, कोटा ब्लड बैंक के संचालकों, रक्तदान दाताओं, रोटेरियन भास्कर गोयल, रोटेरियन विनोद नायक एवं सहयोगी विजय को धन्यवाद दिया।

## आरोपी पति को किया गिरफ्तार

**कोटा, (निसं)।** अनंतपुरा पुलिस टीम ने पत्नि पर पेट्रोल डालकर जलाने का प्रयास करने एवं अपने सालें पर चाकू से हमला करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। शहर एसपी अमृता दुहन ने बताया कि फरियादी शाहरूख खान के 14 फरवरी को अनंतपुरा थाने में रिपोर्ट दी। रिपोर्ट में कहा कि मेरी बहन शबाना की शादी इमरान के साथ हुई। रिपोर्ट में कहा कि उसके पति ने कहासुनी होने पर पेट्रोल की बोतल निकालकर जलाने का प्रयास किया। वहीं जानकारी मिलते ही मेरा बडा भाई नदीम मौके पर पहुंच कर बीच-बचाव करने लगा तो इमरान ने जान से मारने की नीयत से नदीम पर चाकू से हमला किया। जिस पर उसके भाई को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। शहर एसपी ने बताया कि फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश के लिए अनंतपुरा थानाधिकारी भूपेन्द्र सिंह के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा मुखबीर की सूचना पर आरोपी को गिरफ्तार करने गई।

## लूट की वारदात में वांछित हिस्ट्रीशीटर को किया गिरफ्तार

**कोटा, (निसं)।** उद्योग नगर पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए लूट की वारदात मे वांछित चल रहे हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार किया है। शहर पुलिस अधीक्षक डॉ.अमृता दुहन ने बताया कि लूट की वारदात में वांछित हिस्ट्रीशीटर की गिरफ्तारी के लिये पुलिस उपअधीक्षक लोकेन्द्र पालीवाल के सुपरविजन में उद्योग नगर थानाधिकारी जितेन्द्र सिंह के नेतृत्व में टीम का गठन किया। शहर एसपी ने बताया कि टीम ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिये लूट की वारदात के घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी फुटैज खंगाले जिसमे लूट की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी की पहचान उद्योग नगर थाने के हिस्ट्रीशीटर अरबाज उर्फ नैनी के रूप में हुई।

शहर एसपी ने बताया कि आरोपी इतना शातिर था कि वह लगातार खुद के रहने के ठिकाने बदल रहा था तथा खुद का मोबाईल भी काम मे नही लेता था। शहर एसपी ने बताया कि गठित टीम ने मुखबीर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए लूट की वारदातों में वांछित चल रहे हिस्ट्रीशीटर आरोपी अरबाज उर्फ नैनी (21) को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। शहर एसपी ने बताया कि पकड़े गये हिस्ट्रीशीटर को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया। शहर एसपी ने बताया कि आरोपी अरबाज ने पूछताछ के दौरान उद्योग नगर की 5 एवं थाना कुन्हाड़ी व नयापुरा क्षेत्र की लूट व छीना-छपट्टी की वारदातों अंजाम देना कबूला है। पकड़े गये आरोपी से अनुसंधान जारी है। यह था मामला-शहर एसपी ने बताया कि फरियादी द्वारकालाल ने 7 फरवरी को उद्योग नगर थाने में रिपोर्ट दी थी। रिपोर्ट में कहा था कि भामाशाह मंडी में फसल बेचकर 50000 रूपये लेकर बाईक से गोबरिया बावडी होता हुआ भामाशाह मंडी पुलिया के नीचे उतरा था कि पीछे से बाईक पर एक व्यक्ति आया जिसने मेरी बाईक के आगे अपनी बाईक लगाकर रोक दिया और उससे 50000 की लूट करके फरार हो गया। पुलिस ने इस मामले में फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

## सार-समाचार

### फसल उच्च गुणवत्ता की जानकारी ली

**कोटा, (निसं)।** जिले के ब्लॉक खैराबाद के गांव गणेशपुरा कला, गुनानपुरा, मीण्याखेड़ी, हमाऊ, रायखेड़ा एवं राजूखेड़ा में नाबार्ड के वित्तीय सहयोग से आइसेप इंडिया फाउण्डेशन द्वारा टीडीएफ वाडी परियोजना संचालित की जा रही है। परियोजना प्रबंधक बच्चू सिंह चौधरी ने बताया कि संतरा एक्सीलेन्स सेन्टर पर वरिष्ठ कृषि पर्यवेक्षक भावना गौतम ने किसानों को बताया कि उच्च गुणवत्ता वाले संतरे के पौधे नर्सरी में वैज्ञानिकों की देखरेख में तैयार किए जाते है। उन्होंने बताया कि संतरों से अच्छा उत्पादन एवं गुणवत्ता वाले फल लेने के लिए समय-समय पर कटिंग एवं प्रनिगं करनी चाहिए। ग्राम विकास ट्रस्ट के जिला परियोजना समन्वयक रामहेत गुर्जर ने झालरापाटन के ग्राम कोलाना में नाबार्ड टीडीएफ वाडी किसानों के यहां भ्रमण भी करवाया। किसानों ने बताया कि उन्होंने वाडी में अमरुद, नीबू के पौधे एवं मेड पर कटहल एवं सागवान के पौधे लगाए हुए है। भ्रमण में करीबन तीस किसानों ने भाग लिया।

### आईटीएचओ एलन के स्टूडेंट्स का श्रेष्ठ प्रदर्शन

**कोटा, (निसं)।** सिल्वरजोन फाउंडेशन द्वारा आयोजित इंटरनेशनल टैलेंट हंट ओलंपियाड (आईटीएचओ) में एलन के प्री नर्चर एवं करियर फाउंडेशन (पीएनसीएफ) डिविजन के स्टूडेंट्स ने सराहनीय प्रदर्शन किया है। इस प्रतियोगिता में नौ स्टूडेंट्स ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रथम रैंक प्राप्त कर एलन की श्रेष्ठता साबित की है। जबकि संस्थान के कुल 192 विद्यार्थियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर टॉप 100 रैंक में स्थान हासिल किया है। एलन के वाईस प्रेसिडेंट एवं पीएनसीएफ हेड अमित गुप्ता ने बताया कि आईटीएचओ का उद्देश्य गणित, विज्ञान और अंग्रेजी भाषा के क्षेत्रों में प्रतिभाशाली हाई स्कूल स्टूडेंट्स की पहचान करना और उन्हें प्रोत्साहित करना है। हमारे विद्यार्थी अमृशा, अभिनीत सरकार, आद्विक गुप्ता, अनंत गामी, आदर्श कटियार, वैभव बंसल, स्वेतांशु साहू, आयुष्मान जय तथा ओम शिवम ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रैंक 1 प्राप्त की है। उत्कृष्ट शैक्षिक प्रदर्शन के आधार पर कुल 37 स्टूडेंट्स गोल्ड मेडल और 37 स्टूडेंट्स सिल्वर मेडल ऑफ एक्सीलेंस के लिए योग्य घोषित किए गए हैं जो कि एलन के लिए गर्व का विषय है। इस मौके पर सभी स्टूडेंट्स को शुभकामनाएं दी गई। अगले सत्र के लिए पंजीकरण प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है।

### प्रगति इन्टरनेशनल स्कूल मे कम्यूनिटी हेल्पर का सम्मान

**कोटा, (निसं)।** प्रगति इन्टरनेशनल स्कूल, पुलिस लाईन कोटा में 'कम्यूनिटी हेल्पर' एक्टीविटी का आयोजन किया गया। जिसमें नर्सरी से कक्षा दो के छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर खूब-उत्साह दिखाया। नन्हें-नन्हें बच्चों ने विभिन्न प्रकार की पोशाकें पहनकर मॉडलों के साथ अलग-अलग सामुदायिक सहायकों के किरदारों का अभिनय कर समाज में उनके महत्व एवं आवश्यकताओं को बताया। विभिन्न प्रकार के हेल्पर्स की वेशभूषा में सुसज्जित बच्चों का व्यवहार ऐसा था, मानों वे सचमुच के अध्यापक, डॉक्टर, नर्स, राजनेता, एयर-हॉस्टेज, पोस्टमैन, फायर मैन, पुलिस मैन हो। शिक्षिकाओं ने भी बच्चों को हमारे हेल्परों का दैनिक जीवन में महत्व को समझाया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका डॉ.फेमिना ने समाज व देश की व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने में 'कम्यूनिटी हेल्पर्स' का महत्व बताया एवं सभी हेल्पर्स का सम्मान करने की सीख दी एवं विद्यार्थियों के अभिनय एवं आत्मविश्वास की सराहना की।

### अवैध मादक पदार्थ सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**कोटा, (निसं)।** शहर के दो अलग-अलग थाना इलाको मे पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए अवैध मादक पदार्थ सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जवाहर नगर पुलिस टीम ने इलाके मे गश्त के दौरान कार्यवाही करते हुए अवैध मादक पदार्थ 230 ग्राम अफीम सहित आरोपी को गिरफ्तार किया। जवाहर नगर थानाधिकारी रामलक्ष्मण गुर्जर ने बताया कि इलाके में गश्त के दौरान राजीव गांधी नगर क्षेत्र में एक जने पर संदेह होने पर डिटेन कर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से अवैध मादक पदार्थ 230 ग्राम अफीम बरामद हुई। पुलिस ने मौके पर एनडीपीएस एक्ट में कार्यवाही करते हुए धनात्री गांव थाना तालेड़ा हाल रायपुरा निवासी अविनाश सुमन को गिरफ्तार किया। पकड़े गये आरोपी से अनुसंधान जारी है। वही दादाबाड़ी पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए अवैध मादक पदार्थ सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। दादाबाड़ी थाने के उप निरिक्षक इंचार्ज रमेश चंद ने बताया कि इलाके मे गश्त के दौरान एक जने पर संदेह होने पर डिटेन कर उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से अवैध मादक पदार्थ 190 ग्राम गांजा बरामद किया। पुलिस टीम ने मौके पर एनडीपीएस एक्ट में कार्यवाही करते हुए बापू बस्ती बालिता रोड कुन्हाडी निवासी कमल उर्फ हसन (23) को गिरफ्तार किया। पकड़े गये आरोपी से अनुसंधान जारी है।

### मंत्री चौहान के बेटे की शादी में शिकरत की प्रतिनिधियों ने

**बून्दी।** शुक्रवार को भोपाल में आयेजित हुई केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के छोटे बेटे कुणाल सिंह चौहान की शादी में राजस्थान सरकार के ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर व धाकड़ समाज के नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र नागर के नेतृत्व में बून्दी सहित हाडौती के हाडौती के प्रतिनिधियों व समाजबंधुओं ने शिरकत की। भाजपा के जिला प्रवक्ता निर्मल मालव ने बताया कि भोपाल में आयेजित हुई केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान के बेटे की शादी में बेगू के विधायक सुरेश धाकड़ कोटा यूआईटी के पूर्व अध्यक्ष रामकुमार मेहता नैनवां प्रधान पदम नागर, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष निर्मल मालव, धाकड़ युवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय धाकड़, प्रदेश मंत्री मुकेश नागर धाकड़ विकास समिति बूंदी के जिला उपाध्यक्ष मुरली नागर करवर के सरपंच प्रतिनिधि नीरज नागर सहित कई जनप्रतिनिधि वह समाज बंधु भी मौजूद रहे।

### स्पीकर बिरला ने किया महाकुंभ में स्नान

**कोटा, (निसं)।** आस्था, अध्यात्म और समरसता के महासंगम महाकुंभ में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सपरिवार पहुंचे और संगम में पुण्य स्नान कर आस्था की डुबकी लगाई। इस दौरान उन्होंने देशवासियों के सुख, समृद्धि और कल्याण की प्रार्थना की। बिरला ने कहा कि महाकुंभ भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है, जो एक भारत-श्रेष्ठ भारत की अनुपम अभिव्यक्ति है। यहां श्रद्धालु जाति, धर्म और क्षेत्र की सीमाओं को भूलकर एकात्मता के सूत्र में बंधते हैं। उन्होंने कहा कि यह आयोजन सामाजिक समरसता और आध्यात्मिक चेतना को जागृत करने वाला है, जिससे भारत की प्राचीन संस्कृति को नई ऊर्जा मिलती है।

## विनीत जैन ने भेंट किए उपकरण

**कोटा, (निसं)।** कोटा मेडिकल कॉलेज के ईएनटी विभाग में उपकरणों की कमी से आए दिन परेशानियों का सामना करना पड़ता था। ईएनटी विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉक्टर शिव कुमार के कहने पर महावीर नगर तृतीय स्थित महावीर ईएनटी हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ.विनीत जैन ने कान के ऑपरेशन से संबंधित उपकरण अस्पताल को भेंट किए हैं। इन उपकरणों से मेडिकल कॉलेज के स्टूडेंट्स और मरीजों को खासी राहत प्रदान होगी। पूर्व में भी डॉक्टर विनीत जैन के द्वारा ऐसे समाज उपयोगी कार्य किए जाते रहे हैं। इस मौके पर न्यू मेडिकल कॉलेज अस्पताल के अधीक्षक डॉक्टर आशुतोष शर्मा डॉक्टर शिव कुमार और डॉक्टर कुलदीप राणा भी मौजूद रहे।

## समाज उत्थान के लिए शिक्षा अति आवश्यक : डॉ. बिरला

**बून्दी।** शहर के राजकीय कन्या महाविद्यालय में शनिवार को एनएसएस के अंतर्गत सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ प्राचार्य डॉ संदीप यादव ने दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया। अपने संबोधन में कहा कि एनएसएस का मुख्य उद्देश्य समुदाय की आवश्यकताओं और समस्याओं की पहचान करना तथा समस्या समाधान अभ्यास में स्वयं को शामिल करना है।

कार्यक्रम के प्रथम सत्र में योगा व व्यायाम के पश्चात स्लोगन और निशानेबाजी प्रतियोगिता में क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर खुशी गोचर, नेहा शर्मा और मुस्कान मीणा रही। निशानेबाजी में मोनिका बेरवा, गौरी सैनी और लक्ष्मी प्रजापति ने क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। डॉ बीरम देव ने एनएसएस के इतिहास की संक्षिप्त रूपरेखा प्रस्तुत की।

मुख्य वक्ता जिला समन्वयक एनएसएस डॉ आशुतोष बिरला ने शिक्षा के प्रति जागरूकता विषय पर व्याख्यान में कहा कि शिक्षा समाज के उत्थान के लिए आवश्यक है। शिक्षा के अभाव में समाज और देश कभी तरक्की नहीं कर सकता। इसलिए हर व्यक्ति को शिक्षा के प्रति जागरूक होने की जरूरत है। इसके पश्चात छात्राओं ने श्रमदान किया। तीसरे सत्र में स्वयं सेविकाओं ने रामदेव बस्ती में रैली निकालकर स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। मंच संचालन डॉ चंपा अठावाल ने किया और निर्णायक के रूप में रवि चोपदार, चम्पा अठावाल और मुस्कान गोदिका शामिल रहे।

एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी मुस्कान गोदिका ने 7 दिवसीय शिविर की संक्षिप्त रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि इस दौरान एनएसएस स्वयंसेविकाएं शिक्षा के प्रति जागरूकता, कन्या भ्रूण हत्या के विरुद्ध जागरूकता, वृक्षारोपण और पर्यावरण संरक्षण, सोशल मीडिया और डिजिटल साक्षरता, भ्रष्टाचार और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता जैसे महत्वपूर्ण गतिविधियों में भाग लेंगी। इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी मुस्कान गोदिका ने सभी का आभार जताया तथा साथ ही एनएसएस की स्वयंसेविकाओं के लिए अल्पाहार की व्यवस्था की गई है।

## पुलिस ने अवैध हुक्का बार पर छापा मारा, संचालक के विरूद्ध मामला दर्ज

**कोटा, (निसं)।** जवाहर नगर पुलिस टीम ने जवाहर नगर क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित हो रहे अवैध हुक्का बार पर छापा मार कार्यवाही कर संचालक के विरूद्ध मामला दर्ज किया है। शहर पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन ने बताया कि अवैध मादक पदार्थ एवं अवैध रूप से संचालित हुक्का बार के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु चलाये गये विशेष अभियान ऑपरेशन नश्वर के तहत कार्यवाही करने के लिये समस्त थानों के थानाधिकारियों को निर्देशित किया गया है। उसी अभियान के तहत पुलिस उप अधीक्षक योगेश शर्मा के सुपरविजन एवं जवाहर नगर थानाधिकारी राम लक्ष्मण गुर्जर के नेतृत्व में गठित टीम ने कार्यवाही करते हुए हुक्का बार से मौके से एक हुक्का मय नोजल पाईप व एक पैकेट खुली हुई कोयल रोयल गोल्ड व दो फ्लेवर व्हाईट रोज कंपनी के किये जप्त। घटना का विवरण-जवाहर नगर थानाधिकारी रामलक्ष्मण गुर्जर ने बताया कि इलाके में गश्त के दौरान तलवंडी स्थित ब्लैक हार्ट कैफे में अवैध रूप से संचालित हुक्का बार में कार्यवाही करते हुए मौके पर हुक्का पीने वाले दो व्यक्तियों के खिलाफ कोटपा अधिनियम के तहत चालान बनाये।

## न्रामगंजमंडी अल्प बचत अभिकर्ता संघ ने बड़े हर्षोल्लास से मनाया अभिकर्ता दिवस

■ अभिकर्ताओं व कर्मचारियों के बीच हमेशा सामंजस्य स्थापित रहे-जीशान अली

**रामगंजमंडी, (निसं)।** अल्प बचत अभिकर्ता संघ रामगंजमंडी के तत्वाधान में 15 फरवरी शनिवार को उप डाकघर परिसर में अभिकर्ता दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम से पूर्व सभी अभिकर्ताओं ने प्रातः 10 बजे गौ सेवा कर पुण्य लाभ अर्जित किया। तत्पश्चात दोपहर तीन बजे कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पोस्ट मास्टर जीशान अली रहे। वहीं अध्यक्षता महेश दुबे अल्प बचत संगठन अध्यक्ष ने की तथा गौरव गुप्ता राजूलाल वर्मा रणजीत सिंह व रमण विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में सभी अतिथियों का तिलक लगाने के साथ माला व सरोपा पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया। इस अवसर पर अपने मुख्य आतिथ्य सम्बोधन में मुख्य अतिथि पोस्ट मास्टर जीशान अली ने सभी अभिकर्ताओं व कर्मचारियों के बीच हमेशा सामंजस्य स्थापित रहे, पर जोर दिया और कहा कि फिर भी कोई समस्या हो तो व्यक्तिगत रूप से बताएं।

वहीं अली ने अभिकर्ताओं की एक विशेष समस्या जो माह के अंतिम दिनों में राशि जमा कराने के वक्त आती है उसे भांपते हुए गम्भीरता से लिया और उसी वक्त अभिकर्ताओं की सुविधा के लिए दो कैश काउंटर चालू करने के साथ अभिकर्ताओं की अन्य समस्याओं के भी निस्तारण का आश्वासन दिया। इसी क्रम में महेश दुबे अध्यक्ष अल्प बचत संगठन ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में सभी अभिकर्ताओं से कर्मचारियों के साथ सम्मानजनक व्यवहार और सामंजस्य बनाए रखने की अपेक्षा की। इस अभिकर्ता दिवस कार्यक्रम में विशेष सहयोग करने पर अभिकर्ता जावेद कुरैशी व ब्रजमोहन नामा का सम्मान भी किया गया। इस मौके पर सभी अभिकर्ताओं ने संगठन की मजबूती के लिए हिलमिल कर कार्य करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में अभिकर्ता दिवस की विशेषता बनाए रखने हेतु अभिकर्ता संजय जैन गौ सेवा का सुझाव दिया जिसे सभी ने सहर्ष स्वीकार कर अमली जामा पहनाया। इस कार्यक्रम में बलराम घाटिया मुकेश जैन महेश दीपक पाराशर जावेद, धनराज यादव हर्ष माहेश्वरी बाबूलाल राठौर राजेश सुमन संजय जैन शिवशंकर व्यास वीरेन्द्र ब्रजमोहन नामा इंद्रकुमार शर्मा योगेन्द्र शर्मा घनश्याम खत्री अशोक मंगल राजकुमार डांगी अजय डांगी देवांश जैन अनिल जैन व महिला शक्ति के रूप में महिला प्रधान रचना शर्मा सहित समस्त अभिकर्तागण उपस्थित रहे।वही मंच का संचालन अभिकर्ता योगेन्द्र शर्मा ने किया। अंत मे महेश दुबे अध्यक्ष अल्प बचत संगठन रामगंजमंडी ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित कर आभार जताया।

## सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं सभी बालिकाएं

**बूंदी।** शहर के विकास स्थित बालिका सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को वार्षिक उत्सव कार्यक्रम पूर्व विधायक अशोक डोगरा के मुख्यातिथ्य और पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष कालू लाल जांगिड़ की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस दौरान विशिष्ट अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक राजेंद्र व्यास, पार्षद शांति सोनी, मोडूलाल वर्मा, भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष नूपुर मालव, मीडिया प्रभारी अभिषेक जैन और यूथ क्लब अध्यक्ष हिमांशु जैन भी मंचासीन रहे। स्कूली छात्राओं ने मनमोहक रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति के दौरान उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओ को अतिथियो ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

पूर्व विधायक डोगरा ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार बालिका शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध राज्य सरकार ने बालिकाओं के लिए जो योजनाएं चला रखी है वह सराहनीय है। सभी बालिकाएं राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं। पार्षद सोनी ने कहा कि विकास नगर बालिका स्कूल जिले का अठाणी स्कूल है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बालिका शिक्षा पर विशेष जोर दे रही है, सभी बालिकाओं को पढ़ना चाहिए। कार्यक्रम प्रधानाचार्य मनीष जैन ने स्वागत भाषण और प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन अशोक उपाध्याय और देवेंद्र राणावत ने किया व शिक्षक हरिराम मीणा ने आभार जताया। कार्यक्रम के दौरान अध्यापक , अध्यापिकाएं छात्राएं और अभिभावक मौजूद रहे।


**खोया-पाया**

मेरे स्वामित्व के मकान नम्बर 324 केशवपुरा कोटा का आवंटन पत्र संख्या 140, दिनांक 16.02.80 जो कि यूआईटी कोटा द्वारा शंकर लाल के पास में जारी किया गया था वह कही खो गया है। जिस किसी को मिले निम्न पते पर पहुंचाने की कृपा करें।

भवदीय-कृष्ण बिहारी शर्मा पुत्र देवलाल, म.नं. बी-159 श्रीनाथपुरम कोटा, मो. 9549917123



**न्यायालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कोटा (राज.)**

**प्रार्थना-पत्र संख्या : 09/2025**

श्रीमती नीलम जैन पत्नी श्री भुवनेन्द्र कुमार जैन पुत्री स्व. श्रीमति सुशीला देवी जैन आयु 55 वर्ष निवासी- मकान नं. 391, शास्त्री नगर दादाबाड़ी, कोटा (राज.) ......प्रार्थीया

– बनाम –

1. प्रबंधक, कोटा नागरिक सहकारी बैंक लिमि. शाखा महावीर नगर, पता 2-क-4, टीचर्स कोलोनी, रंगबाड़ी मैन रोड़, महावीर नगर कोटा राज. 2. सर्व साधारण ......अप्रार्थीगण

**प्रार्थना-पत्र अन्तर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकारी अधिनियम**

**जनरल नोटिस**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थीया श्रीमती नीलम जैन ने एक आवेदन इस न्यायालय में अन्तर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम में पेश किया है जिसमें आलेखित किया है कि अप्रार्थी 1 के यहां प्रार्थीया की माता स्व. श्रीमती सुशीला देवी जैन के नाम एक बचत खाता संख्या 1110 में स्थित सम्पूर्ण राशि मय ब्याज एवं एक लॉकर नं. 53बी में स्थित सम्पूर्ण सामान एवं लॉकर से संलग्न तीन एफ डी खाता संख्या एफ वाई-443 में स्थित तीन एफडिया जिनमें प्रथम एफडी राशि 10,000/- रुपये अवधि 10 वर्ष दिनांक 28.01.2015-28.01.2025, द्वितीय एफडी राशि 5,000/- रुपये अवधि 5 वर्ष दिनांक 24.05.2021-24.05.2026, तृतीय एफडी राशि 5,000/- रुपये अवधि 5 वर्ष दिनांक 07.06.2023-07.06.2028 को स्व. श्रीमती सुशीला देवी जैन की मृत्यु पश्चात उनकी एकमात्र इकलौती संतान विधिक वारिसान प्रार्थीया द्वारा उत्तराधिकार प्रमाण प्राप्त करने हेतु स्वयं को उत्तराधिकारी बताते हुये उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किये जाने का आवेदन प्रस्तुत किया है। प्रार्थीया द्वारा प्रस्तुत आवेदन में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा दिनांक **07.04.2025** को माननीय न्यायालय में समय **10:30 AM** पर उपस्थित होकर आपत्तियां प्रस्तुत करें अन्यथा प्रार्थीया को मृतक स्व. सुशीला देवी जैन के उपरोक्त वर्णित बचत खाते की राशि एवं लॉकर में स्थित समस्त सामान एवं तीनो एफडियो की मय ब्याज कुल राशि प्राप्त करने के संबंध में उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र जारी कर दिया जायेगा। सूचित हो।

अतः मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा से आज दिनांक **04.02.2025** को जारी किया गया।

मोहर — न्यायालय के आदेश से वरिष्ठ मुंसरिम जिला एवं सेशन न्यायालय, कोटा (राज.)


## नौ दिवसीय शिव महापुराण कथा 17 फरवरी से, 10 दिनों तक प्रवाहित होगी धर्म की गंगा

**कोटा, (निसं)।** पूरे देश में 525 शिवलिंग के लिए विख्यात थेगड़ा स्थित शिवपुरीधाम आश्रम पर शिव महापुराण कथा का आयोजन 17 फरवरी से 25 फरवरी तक होने जा रहा है। इस अवसर पर 26 फरवरी को मंदिर परिसर में कई धार्मिक आयोजन होंगे। दस दिवसीय धार्मिक आयोजनों को लेकर भगवान शिव के भक्तजनों में अपार उत्साह है। शिवपुरीधाम के संचालक महंत नागा बाबा सनातनपुरी महाराज ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि महोत्सव एवं राणा रामपुरी महाराज की 37वीं पुण्यतिथि के अवसर पर कथा का शुभारंभ 17 फरवरी को गणेशपूजन व कलश यात्रा के साथ होगा। कलश यात्रा प्रातः 11 बजे मंदिर परिसर में अमृत सरोवर जलकुण्ड पर विधिवत रूप से पूजा-अर्चना कर निकाली जाएगी। कलशयात्रा में 101 कलश धारण किये महिला श्रद्धालु शामिल होंगी। कथा प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से सायं 5 बजे तक चलेगी। कथा का वाचन आचार्य भागवत भूषण मानस मर्मज्ञ शास्त्री नारायण लाल शर्मा के मुख से होगा। सनातनपुरी महाराज ने बताया कि कार्यक्रम की श्रृंखला में 23 फरवरी से तीन दिवसीय नव-कुण्डीय महारूद्री यज्ञ होगा, जिसमें नवकुण्डों पर तीन दिन तक सुबह 8 बजे से 12.30 बजे तक भक्तजनों द्वारा लाखों आहूतियां दी जाएंगी। 25 फरवरी को यज्ञ की पूर्णाहूति और 525 शिवलिंग का रुद्राभिषेक, श्रृंगार एवं कथा की पूर्णाहुति और आम भण्डारा, 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व एवं भक्त दर्शन कार्यक्रम होगा। 25 फरवरी को आयोजित भण्डारे में हजारों की संख्या में श्रद्धालुगण भोजन प्रसादी ग्रहण करेंगे। 525 शिवलिगों को पहनाएंगे नये वस्त्र-संत सनातनपुरी महाराज ने बताया कि महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या पर 25 फरवरी को शिवपुरीधाम में स्थापित सभी 525 शिवलिगों को नये वस्त्र धारण करवाए जाएंगे। एकसाथ 525 शिवलिंगों का अद्भुत श्रृंगार होगा। अगले दिन 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के उपलक्ष में भक्तजनों के लिए दर्शन व पूजन का कार्यक्रम होगा।

## फ्लैग मार्च निकाला

**छीपाबडोद** कस्बे में पुलिस प्रशासन द्वारा गत रात्रि को हुई दो पक्षों की घटना को चलते ऐतिहातन फ्लेग मार्च निकाला हे।ईस दौरान कार्यवाहक उपखंड अधिकारी सुरेन्द्र सिंह, थानेदार अजीतसिंह,सारथल थानेदार गिरिराज सिंह समेत हरनावदाशाहजी थानेदार बृजेश चोधरी मोजूद रहे। गोरतलब हे कि गत रात्रि को कस्बे में हुई घटना को लेकर जिला पुलिस अधीक्षक राजकुमार चोधरी ने भी छीपाबड़ौद ओर हरनावदाशाहजी का दौरा किया था ओर संबंधित आरोपियों को राऊंड अप की कार्यवाही के निर्देश दिये थे जिस पर पुलिस ने आधा दर्जन आरोपियों को पाबंद करवाया था वहीं घायलों के पर्चा बयानों के आधार पर मामला रजिस्टर करने की कार्यवाही प्रारंभ की है।

## राजस्थान की धरा पर आध्यात्मिक चेतना का दिव्य संचार

■ 'निरंकारी यूथ सिम्पोजियम' में युवा ऊर्जा के संग हाडोती के युवाओं ने लिया भाग

**बूंदी।** आयेजित होने वाले उदयपुर में होने वाले संयुक्त भव्य निरंकारी संत समागम से पूर्व युवाओं को प्रेरित करने और उनकी सकारात्मक ऊर्जा को रचनात्मक दिशा प्रदान करने के उद्देश्य से 14 एवं 15 फरवरी को 'निरंकारी यूथ सिम्पोजियम' का आयोजन किया गया, जिसमें युवा ऊर्जा के संग हाडोती के युवाओं ने सहभागिता करते हुए आध्यात्मिक चेतना का दिव्य संचार आत्मसात किया।

मीडिया सहायक महेश चांदवानी ने बताया कि इस विशेष आयोजन में बूंदी जिले के 50 से अधिक युवा श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लेकर विविध प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को आत्मिक शांति, अनुशासन और प्रेम के मार्ग पर अठासित करने का प्रयास किया गया। यह सिम्पोजियम केवल एक कार्यक्रम भर नहीं था, अपितु इसका उद्देश्य युवा पीढ़ी को आध्यात्मिकता से जोड़ते हुए उनमें सेवा, एकता और समर्पण की सच्ची भावना को जागृत करना था।

संयुक्त भव्य निरंकारी संत समागम की तैयारियां अंतिम दौर में परम श्रद्धेय सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं सत्कार योग्य निरंकारी राजपिता रमित जी की पावन छत्रछाया में 16 फरवरी 2025 को होने वाले गुजरात और राजस्थान के संयुक्त राज्य स्तरीय निरंकारी संत समागम के शुभ आयोजन की तैयारियों में समर्पित भक्तगण तन, मन और धन से तल्लीन हैं, जिससे यह समागम एक ऐतिहासिक और प्रेरणादायक आध्यात्मिक संगम के रूप में स्थापित हो सके। समागम स्थल पर सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं ताकि प्रत्येक श्रद्धालु को दिव्यता और भक्ति का अद्भुत अनुभव प्राप्त हो। भक्तजन पूरी निष्ठा और सेवाभाव से समागम स्थल को स्वच्छ, सुंदर और सुव्यवस्थित बनाने में योगदान दे रहे हैं। लंगर, प्याऊ, चिकित्सा सुविधा, पार्किंग और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। स्थानीय प्रशासन भी इस आयोजन की सफलता हेतु पूर्ण सहयोग प्रदान कर रहा है।

मीडिया सहायक महेश चांदवानी ने बताया कि इस पावन संत समागम में प्रेम, शांति और एकता की दिव्य धारा प्रवाहित होगी, जो संपूर्ण मानवता को आध्यात्मिक जागरण की ओर प्रेरित करेगी। सतगुरु माता जी की दिव्य वाणी से श्रद्धालु भक्त सद्भाव, समर्पण और आत्मिक उत्थान का अमूल्य मार्गदर्शन प्राप्त करेंगे। इस अवसर पर बूंदी ब्रांच सहित राजस्थान, गुजरात, आसपास के क्षेत्रों तथा ठाामीण अंचलों से बड़ी संख्या में भक्तजन एकत्रित होकर इस दिव्य महासंगम के साक्षी बनेंगे और सत्संग के मधुर आनंद का रसपान करेंगे।


**कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक:-एफ-15/कृ.भू.रू./2024/2888 विज्ञप्ति दिनांक:-2.12.2024

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम कुन्हाडी में स्थित कृषि भूमि योजना कमला उद्यान भूखण्ड संख्या 38 खसरा नं. 321 आवेदक/आवेदिका श्री रामनारायण छीपा पुत्र श्री मोहन लाल छीपा निवासी 3-ए (408) एमराल्ड रेजीडेन्सी, बून्दी रोड कोटा राज. एवं चन्द्रप्रकाश छीपा पुत्र श्री रामनारायण छीपा निवासी फ्लेट नं. 52-सी पॉकिट ए-10, कोहिनूर अपार्टमेन्टस, कालकाजी एक्सटेंसन दक्षिण दिल्ली द्वारा ऑनलाईन नाम हस्तान्तरण हेतु न्यास कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखण्ड का पट्टा क्रमांक 6205 दिनांक 11.09.2009 को श्री गोपाल सुवालका पुत्र श्री छीतर लाल सुवालका के पक्ष में जारी किया गया था। पट्टाधारी द्वारा उक्त भूखण्ड का बैचान जर्ये रजि. विक्रय पत्र दिनांक 10.04.2023 को जर्ये मुख्तारनाम श्रीमती नीता जैन पत्नि श्री धनसुरेश जैन द्वारा आवेदको के पक्ष में किया गया है।

अतः श्री रामनारायण छीपा पुत्र श्री मोहन लाल छीपा एवं चन्द्रप्रकाश छीपा पुत्र श्री रामनारायण छीपा के पक्ष में नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण



**कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक:-एफ-15/कृ.भू.रू./2025/3324 विज्ञप्ति दिनांक:-14.2.2025

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम कोटडी में स्थित कृषि भूमि योजना बजरंग नगर भूखण्ड संख्या 285 खसरा नं. 117, 118, 122 आवेदक/आवेदिका श्रीमती फूला बाई पत्नि स्व.कैलाश नारायण निवासी 285 पुलिस लाईन बजरंग नगर नयापुरा कोटा द्वारा ऑनलाईन नाम हस्तान्तरण हेतु प्राधिकरण कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखण्ड का पट्टा क्रमांक 1196 दिनांक 16.10.2002 को कैलाश नारायण पुत्र श्री श्रीराम के पक्ष में जारी किया गया था। पट्टाधारी की मृत्यु प्रमाण पत्र अनुसार दिनांक 02.05.2021 को हो चुकी है। मृतक के विधिक वारिसान पत्नि श्रीमती फूली बाई, पुत्र अवनीश कुमार मेहता, पुत्री ज्योति मेहता, पुत्र अक्षय मेहता है। वारिसान अवनीश कुमार मेहता, ज्योति मेहता, अक्षय मेहता द्वारा जर्ये रजि. हकत्याग पत्र दिनांक 23.12.2024 से आवेदिका के पक्ष के किया गया है।

अतः श्रीमती फूला बाई पत्नि स्व. कैलाश नारायण के पक्ष में नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण,कोटा